KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

**Q. Unless the growth of population is checked in India the economic development can't be judged in its true perspective examine this statement**

**प्रश्नः- जब तक भारत में जनसंख्या वृद्धि अवरूद्ध नहीं की जाती, तब तक आर्थिक विकास को उसके सही रूप में नहीं देखा जा सकता है। इस कथन का परीक्षण कीजिए**

# BPSC - Mentorship — Polity MCQ - 33

**1.** निम्नलिखित में से कौन सा एक भारत में वित्त आयोग का कार्य है।
(A) आयकर विभाजन
(B) उत्पादन शुल्क विभाजन
(C) सहायतार्थ अनुदान निर्धारण
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**2.** वित्त आयोग का एक चेयरमैन होता है, और-
(A) सात अन्य सदस्य
(B) पाँच अन्य सदस्य
(C) चार अन्य सदस्य
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**3.** वित्त आयोग राष्ट्रपति को संस्तुति भेजने में मुख्य रूप से सम्बन्धित है-
(A) राज्यों को दिए जाने वाले अनुदान के सिद्धान्त से
(B) राज्यों एवं केन्द्र के बीच करों के बंटवारे से
(C) न तो (A) न ही (B) से
(D) (A) तथा (B) दोनों से

**4.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
भारत में, शेयर बाजार तथा फ्यूचर्स बाजार में हुई लेन-देन पर कर
1. संघ द्वारा लगाए जाते हैं
2. राज्यों द्वारा एकत्रित किए जाते हैं?
उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 (D) न तो 1 और न ही 2

**5.** निम्नलिखित में से कौन-सा प्राधिकरण भारत की समेकित निधि में से राज्यों को सहायता अनुदान देने वाले सिद्धान्तों की अनुशंसा करता है?
(A) वित्त आयोग
(B) अन्तर्राज्यीय परिषद
(C) केंन्द्रीय वित्त मंत्रालय
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**6.** प्रशासनिक सुधार आयोग, 1967 जिसने पहली बार लोकपाल तथा लोकायुक्त बनाने की संस्तुति की थी, के अध्यक्ष थे-
(A) के. संथानम
(B) चौधरीचरण सिंह
(C) मोरार जी देसाई
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**7.** भारत में संघीय वित्त आयोग संबंध रखता है-
(A) राज्यों के बीच वित्त से
(B) राज्यों एवं केन्द्र के बीच वित्त से
(C) केन्द्र एवं स्वशासित सरकारों के बीच वित्त से
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**8.** केन्द्र एवं राज्यों के बीच करों की शुद्ध आय के वितरण के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सी संस्था मूल सिद्धांत को निरूपित करेगी?
(A) योजना आयोग (B) राष्ट्रीय विकास परिषद
(C) वित्त आयोग
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**9.** निम्नलिखित में से कौन, वित्त आयोग द्वारा की गई प्रत्येक सिफारिश को संसद के प्रत्येक सदन के समक्ष रखवाएगा?
(A) भारत का राष्ट्रपति
(B) लोक सभा का अध्यक्ष (स्पीकर)
(C) भारत का प्रधानमंत्री
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**10.** सामान्य रूप में भारत में प्रति पाँच वर्ष बाद वित्त आयोग की नियुक्ति की जाती है-
(A) राज्यों की वित्तीय स्थिति निर्धारित करने के लिए
(B) केन्द्रीय अनुदान और संघ के राजस्व में राज्यों का अंश निर्धारित करने के लिए
(C) केन्द्रीय सरकार के वित्तीय संसाधन निर्धारित करने के लिए
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**11.** निम्नलिखित में से कौन सा एक संवैधानिक निकाय नहीं है?
(A) संघ लोक सेवा आयोग
(B) वित्त आयोग
(C) नीति आयोग
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**12.** भारतीय प्रेस काउंसिल एक
(A) वैधानिक संस्था है
(B) अर्द्ध न्यायिक - वैधानिक संस्था है
(C) न्यायिक संस्था है
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**13.** भारत के वित्त आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही है ?
(A) वह अवसंरचना विकास हेतु विदेशी पूंजी अंतर्प्रवाह प्रोत्साहित करता है
(B) वह सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में समुचित वित्त वितरण को सुगम बनाता है
(C) वह वित्तीय प्रशासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करता है
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**14.** वर्तमान में वित्त आयोग के अध्यक्ष कौन है।
(A) एन. के. सिंह (B) के. सी. पन्त
(C) मोन्टेकसिंह
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**15.** संविधान लागू होने के पश्चात् अब तक कितने वित्तीय आयोग बनाये जा चुके हैं?
(A) 10 (B) 8
(C) 15
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**16.** वित्त आयोग का गठन किया जाता है, प्रत्येक-
(A) तीसरे वर्ष (B) दूसरे वर्ष
(C) पाँचवें वर्ष
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**17.** किस आयोग ने स्थायी अंतर-राज्यीय परिषद, जो 'अंतर- सरकारी परिषद्' के नाम से जानी जाती है, की स्थापना का समर्थन किया?
(A) पुंछी आयोग (B) सरकारिया आयोग
(C) राधाकृष्णन आयोग
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**18.** निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रीय विकास परिषद की रचना करते थे?
1. प्रधानमंत्री 2. अध्यक्ष, वित्त आयोग
3. संघीय मंत्रिमंडल के मंत्रिगण
4. राज्यों की मुख्यमंत्री
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए ।
(A) केवल 1, 2 और 3 (B) केवल 1, 3 और 4
(C) केवल 2 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

**19.** केंद्र सरकार तथा राज्यों के मध्य आर्थिक संबंधों की विवेचना की गई है-
(A) अनुच्छेद 168-171 के अंतर्गत
(B) अनुच्छेद 268-281 के अंतर्गत
(C) अनुच्छेद 278-291 के अंतर्गत
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**20.** भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद नई अखिल भारतीय सेवा की स्थापना का प्रावधान करता है?
(A) अनुच्छेद 311 (B) अनुच्छेद 312
(C) अनुच्छेद 313
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**21.** निम्न कथनों पर विचार कीजिए :
वित्त आयोग का/के कार्य है/हैं।
1. भारत की संचित निधि से धन निकालने की अनुमति देना
2. प्राप्त करों को राज्यों के भागों में बांटना
3. सहायता अनुदान के लिए राज्यों के आवेदनों पर विचार
4. संघ सरकार तथा राज्य सरकारें बजट के प्रावधानों के अनुसार करों की उगाही कर रही है या नहीं इसकी देख रेख करना
(A) केवल 1 (B) 2 और 3
(C) 3 और 4 (D) 1, 2 और 4

**22.** निम्नलिखित में कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है।
(A) प्रवर्तन निदेशालय - 1956
(B) केन्द्रीय सतर्कता आयोग - 1964
(C) केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो - 1963
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**23.** क्या संविधान के अन्तर्गत भारतीय संघ के राज्य विदेशी ऋण सीधी लेने की शक्ति रखते हैं?
(A) हाँ (B) नहीं
(C) हाँ, पर केवल अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों से
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**24.** एक संघीय राज्य व्यवस्था में सम्मिलित है-
(A) संघ और राज्यों के बीच सम्बन्ध
(B) राज्यों के मध्य सम्बन्ध
(C) विवादों को सलझाने के लिए तन्त्र
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**25.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक संविधानोत्तर संस्था है?
(A) वित्त आयोग (B) नीति आयोग
(C) निर्वाचन आयोग
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

## ANSWER KEY

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 01. (D) | 02. (C) | 03. (D) | 04. (A) | 05. (A) |
| 06. (C) | 07. (B) | 08. (C) | 09. (A) | 10. (B) |
| 11. (C) | 12. (B) | 13. (E) | 14. (A) | 15. (C) |
| 16. (C) | 17. (B) | 18. (B) | 19. (B) | 20. (B) |
| 21. (B) | -22. (E) | 23. (B) | 24. (D) | 25. (B) |

# BPSC Mentorship
# Economics - MCQ (33)

**1.** आर्थिक विकास हेतु जब समुद्री संसाधन जैसे- समुद्री यातायात, मत्स्यपालन, नवीकरणीय उर्जा पर बल दिया जाता है तो इसे क्या कहते हैं ?
(A) ग्रीन इकॉनोमी (B) ब्ल्यु इकॉनोमी
(C) ब्लैक इकॉनोमी
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**2.** स्वतंत्रता के पश्चात् भारत में मिश्रित अर्थव्यवस्था अपनाने के क्या कारण थे ?
(A) सरकार के पास पूँजी एवं संसाधनों का अभाव था।
(B) निजी क्षेत्र के पास उपलब्ध पूँजी, तकनीक तथा प्रबंधन का सरकार लाभ लेना चाहती थी।
(C) भारत में गरीबी, बेरोजगारी तथा भूखमरी की समस्या व्यापक रूप से फैला था ।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**3.** एक लेखा वर्ष में किसी देश की घरेलू सीमा में उत्पादकों द्वारा जितनी भी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन होता है (जिसमें मूल्यहास भी शामिल होता है।) उनकी बाजार कीमत के योग को कहा जाता
(A) बाजार कीमत पर GDP
(B) साधन लागत पर GDP
(C) बाजार कीमत पर NNP
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**4.** राष्ट्रीय आय के मापने की उत्पाद विधि को निम्न में किन नामों से जाना जाता है?
(A) मूल्य वृद्धि विधि (B) सूची गणना विधि
(C) औद्योगिक उद्यम विधि
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**5.** भारत सरकार का कृषि मंत्रालय द्वारा सर्वप्रथम किस वर्ष जैविक कृषि नीति की घोषणा की थी ? नीं
(A) 2002 (B) 2005
(C) 2004
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**6.** भारत सरकार द्वारा शुरू की गई मुद्रा योजना का क्या उद्देश्य है ?
(A) मुद्रा प्रबंधन में सुधार हेतु पहल करना
(B) छोटे व्यापार स्थापित करने हेतु आसान वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना।
(C) निर्धन कृषकों को ऋण उपलब्ध कराना ।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**7.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. प्रथम पंचवर्षीय योजना के समय सामुदायिक विकास कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी ।
2. द्वितीय पंचवर्षीय योजना में सरकार ने भारी उद्योगों के विकास पर बल दिया था।
3. तृतीय पंचवर्षीय योजना ऐसी योजना थी जिसमें कृषि क्षेत्र में ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की गई।
उपर्युक्त में कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?
(A) केवल 1 (B) 1 और 2
(C) केवल 2 (D) 1, 2 और 3

**8.** नीति आयोग के संबंध में निम्न में कौन-सा कथन सही नहीं है ?
(A) यह योजना आयोग की तरह संविधानोत्तर संस्था नहीं है बल्कि संवैधानिक संस्था है।
(B) नीति आयोग सहकारी संघवाद के सिद्धान्त पर कार्य करता है।
(C) प्रधानमंत्री नीति आयोग के अध्यक्ष होते हैं।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**9.** गरीब लोगों की मात्रा तय करने के लिए सर्वप्रथम 'गरीबी रेखा' की अवधारणा का विकास किसके द्वारा किया गया ?
(A) कोरेडो गिनी
(B) मैक्स ओलारेन्ज
(C) आर. वायड
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**10.** जब बेरोजगारी इस कारण से हो कि रोजगार के उपलब्ध अवसर तथा रोजगार पाने वाले की योग्यता में तालमेल नहीं हो, तो इसे कहा जाएगा-
(A) संरचनात्मक बेरोजगारी
(B) अनैच्छीक बेरोजगारी
(C) घर्षणजनित बेरोजगारी
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**11.** भारत में मुद्रास्फीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में कौन-सा सही है ?
(A) मुद्रास्फीति के नियंत्रण में भारतीय रिजर्व बैंक की कोई भूमिका नहीं है।
(B) भारत में मुद्रास्फीति का नियंत्रण केवल भारत सरकार का उत्तरदायित्व है।
(C) घटा हुआ मुद्रा परिचालन, मुद्रास्फीति के नियंत्रण में सहायता करता है।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**12.** RBI द्वारा बैंक दर में वृद्धि के कारण अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ेगा ?
(A) बैंकों द्वारा ब्याज दर में कमी
(B) उपभोग व्यय तथा निवेश व्यय में गिरावट
(C) उपभोग व्यय तथा निवेश व्यय में वृद्धि
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**13.** भारत सरकार ने देना बैंक का विलय किस बैंक में कर दिया है ?
(A) पंजाब नेशनल बैंक (B) केनरा बैंक
(C) बैंक ऑफ बड़ौदा
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**14.** ओवर-द-काउंटर एक्सचेंज ऑफ इंडिया की स्थापना किस वर्ष हुई ?
(A) 1990 (B) 1992
(C) 1994
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**15.** जब किसी शेयर बाजार में शेयरों की कीमतों में अप्रत्याशित और बहुत ज्यादा गिरावट देखी जाती है तो उस स्थिति क्या कहते हैं ?
(A) आर्बिट्रेज (B) बबल
(C) क्रैश
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**16.** केन्द्रीय बजट के संदर्भ में निम्न में कौन-सा पूंजीगत प्राप्ति नहीं है ?
(A) विदेशी ऋण एवं सहायता
(B) ऋण वसूली
(C) G.S.T
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**17.** निम्न पर विचार कीजिए-
1. आयकर 2. निगम कर
3. सेवा कर 4. प्रतिभूति विनिमय कर
उपर्युक्त में कौन से अप्रत्यक्ष कर हैं?
(A) 1और 2 (B) 1, 2 और 4
(C) केवल 3 (D) 3 और 4

**18.** बजट के अंतर्गत जब राजकोषीय घाटे में वृद्धि होगी इसका क्या परिणाम अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा?
(A) मुद्रास्फीति उत्पन्न होगी
(B) विदेशों पर निर्भरता बढ़ेगी
(C) देश की भावी पीढ़ी पर वित्तीय भार बढ़ेगा
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**19.** व्यापार शेष में शामिल होती है-
(A) दृश्य मदे (B) अदृश्य मदे
(C) दोनों
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**20.** राष्ट्रीय श्रम आयोग के अनुसार, कृषि श्रमिक कितने प्रकार के होते हैं ?
(A) दो (B) तीन
(C) चार
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**21.** निम्नलिखित में से कौन-सा व्यष्टि अर्थशास्त्र का अध्ययन है ?
(A) कुल माँग
(B) वस्तु का कीमत निर्धारण
(C) राष्ट्रीय आय
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**22.** उत्पादन संभावना वक्र का ढाल गिरता है-
(A) बाएँ से दाएँ (B) दाएँ से बाएँ
(C) ऊपर से नीचे
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**23.** किसी वस्तु में मानवीय आवश्यकता की पूर्ति की क्षमता को क्या कहते हैं ?
(A) उत्पादकता (B) संतुष्टि
(C) उपयोगिता
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**24.** ऐसी वस्तुएँ जिनका एक-दूसरे के बदले में प्रयोग किया जाता है, क्या कहलाता है ?
(A) पूरक वस्तु (B) स्थानापन्न वस्तु
(C) गिफ्फन वस्तु
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**25.** जब प्याज की कीमत में 8 प्रतिशत की वृद्धि होती है, तब प्याज की माँग में 5 प्रतिशत की कमी आती है, प्याज की माँग लोच होगा-
(A) 1.0 (B) 1.30
(C) 0.62
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

## ANSWER KEY

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 01. (B) | 02. (D) | 03. (A) | 04. (D) | 05. (B) |
| 06. (B) | 07. (D) | 08. (A) | 09. (C) | 10. (A) |
| 11. (C) | 12. (B) | 13. (C) | 14. (A) | 15. (C) |
| 16. (E) | 17. (C) | 18. (D) | 19. (A) | 20. (A) |
| 21. (B) | 22. (A) | 23. (C) | 24. (B) | 25. (C) |

## BPSC Mentorship
## Current Affairs - MCQ (33)

1. 'यूएस चौंबर ऑफ कॉमर्स' द्वारा जारी 'अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा (IP) सूचकांक-2023' में भारत को किस स्थान पर रखा गया है?
(a) 42वें (b) 46वें
(c) 48वें (d) 54वें
2. निम्नलिखित में से किस देश को मार्च 2023 में 'GSMA गवर्नमेंट लीडरशिप अवार्ड 2023' से सम्मानित किया गया था?
(a) संयुक्त अरब अमीरात (b) भारत
(c) जापान (d) कनाडा
3. मार्च 2023 में भारतीय वायु सेना ने किस देश की 'एयर सेल्फ डिफेंस फोर्स के साथ 'शिन्यू मैत्री अभ्यास' में भाग द्यलिया था?
(a) फिलिपीन्स (b) दक्षिण कोरिया
(c) जापान (d) मंगोलिया
4. भारत ने 27 फरवरी, 2023 को में 'बिम्सटेक ऊर्जा केंद्र (बीईसी) के गवर्निंग बोर्ड की पहली बैठक की मेजबानी की थी।
(a) मुम्बई (b) गुवाहाटी
(c) नई दिल्ली (d) बेंगलुरु
5. निम्नलिखित में से किसे मार्च 2023 में फेडरेशन ऑफ इंडियन चौंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) का नया महासचिव नियुक्त किया गया था?
(a) अजय बंगा (b) शैलेश पाठक
(c) एम0 वी0 सुचिंद्र कुमार (d) एस. सोमनाथ
6. निम्नलिखित में से किस राज्य में 'NTPC' ने भारत का पहला वातानुकूलित कंडेनसर वाला सुपर क्रिटिकल प्लांट चालू किया है?
(a) उत्तर प्रदेश (b) झारखंड
(c) हरियाणा (d) तेलंगाना
7. मार्च 2023 में 'इरिजादपिल्ली श्री कृष्ण मंदिर' अनुष्ठानों के लिए यांत्रिक, आजीवन हाथी (इरिजादपिल्ली रमन) का उपयोग करने वाला देश का पहला मंदिर बन गया है। यह मन्दिर किस राज्य में स्थित है?
(a) तमिलनाडु (b) तेलंगाना
(c) आंध्रप्रदेश (d) केरल
8. निम्नलिखित में से कौन सा राज्य '13वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चौंपियनशिप 2023' का चौंपियन रहा है?
(a) मध्य प्रदेश (b) झारखंड
(c) हरियाणा (d) गुजरात
9. हाल ही में सम्पन्न '8वें रायसीना डायलॉगश के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. इटली की प्रधानमंत्री 'जियोर्जिया मेलोनी इसकी मुख्य अतिथि थी।
2. यह 'ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन' द्वारा भारत सरकार के 'विदेश मंत्रालय की साझेदारी में आयोजित किया गया था।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2
10. मार्च 2023 में 'शंघाई सहयोग संगठन' के तहत 'पारंपरिक चिकित्सा पर पहले बी2बी वैश्विक सम्मेलन और एक्सपा' का आयोजन किया गया था-
(a) नागपुर में (b) सूरत में
(c) गुवाहाटी में (d) भोपाल में
11. हाल ही में चर्चा में रहे 'विंडसर फ्रेमवर्क' से सम्बंधित पया है?
(a) यूरोपीय संघ और यूनाइटेड किंगडम
(b) नाटो एवं युक्रेन
(c) नाटो एवं रूस
(d) रूस एवं संयुक्त राज्य अमेरिका
12. 'एडिनोवायरस' के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. यह एक 'डबल स्ट्रैंडेड लीनियर DNA वायरस' है।
2. यह संक्रमण केवल 5 वर्ष से कम आयु के बच्चो को प्रभावित करता है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2
13. 'भारत यूके युवा पेशेवर योजना के सन्दर्भ में -
निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. इस योजना के तहत 18 साल से 30 साल की उम्र के भारतीय नागरिक दो साल तक ब्रिटेन में रह सकते हैं और काम कर सकते हैं।
2. इस योजना के तहत 'उत्तरी आयरलैंड' शामिल नहीं है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2
14. निम्नलिखित में से किसे मार्च 2023 में यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास एट डेलास (UTD) ने 'लाइफटाइम एचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया है?
(a) अजय सिंह (b) सुमंत सिन्हा
(c) नवीन जिन्दल (d) अजीज सैंकर
15. प्रतिवर्ष 'विश्व वन्यजीव दिवस' मनाया जाता है-
(a) 3 फरवरी को (b) 3 मार्च को
(c) 3 अप्रैल को (d) 3 मई को
16. भारत के पहले 'मरीना', जोकि छोटी नावों और नौकाओं के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई जगह है, का निर्माण किस राज्य में किया जाना प्रस्तावित है?
(a) तमिलनाडु (b) तेलंगाना
(c) आंध्रप्रदेश (d) कर्नाटक

**17.** हाल ही में चर्चा में रही 'गुरुडोंगमार झील' किस राज्य/केंद्रशासिक प्रदेश में स्थित है?

(a) सिक्किम (b) लद्दाख

(c) हिमाचल प्रदेश (d) त्रिपुरा

**18.** मार्च 2023 में किस देश का 'डीकिन विश्वविद्यालय' गिफ्ट सिटी, गुजरात में अपने 'अंतरराष्ट्रीय शाखा परिसर स्थापित करने हेतु 'IFSCA' की मंजूरी हासिल करने वाला पहला विदेशी विश्वविद्यालय बन गया है?

(a) जर्मनी (b) फ्रांस

(c) संयुक्त राज्य अमेरिका (d) ऑस्ट्रेलिया

**19.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के अहमदी के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

(a) पूर्व विदेश मंत्री (b) पूर्व मुख्य न्यायाधीश

(c) पूर्व गृहमंत्री (d) पूर्व RBI गवर्नर

**20.** कैच द रेन अभियान-2023' के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह अभियान 'जल शक्ति मंत्रालय' द्वारा कार्यान्वित किया जाता है।

2. इस अभियान हेतु थीम 'पेयजल के लिये स्रोत स्थिरता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**21.** हाल ही में चर्चा में रही पुस्तक 'मुंडका उपनिषद: द गेटवे टू इटर्निटी' के लेखक हैं?

(a) सज्जन सिंह यादव (b) अभय कुमार

(c) के. एम. चंद्रशेखर (d) डॉ. कर्ण सिंह

**22.** निम्नलिखित में से किसे 'बिजनेस स्टैंडर्ड बैंक ऑफ द ईयर 2022' चुना गया है।

(a) शशिधर जगदीशन (b) रश्मी शुक्ला

(c) अनिरुद्ध भट्टाचार्य (d) अजय सिंह

**23.** 'ब्रांड फाइनेंस टेलीकॉम्स 150 2023 रिपोर्ट के अनुसार ...... एशिया का सबसे मजबूत और दुनिया का दूसरा सबसे मजबूत टेलीकॉम ब्रांड है?

(a) BSNL (b) भारती एयरटेल

(c) रिलायंस जियो (d) स्विस्कॉम

**24.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. 'मेघालय' ने मार्च 2023 में आयोजित 'संतोष ट्रॉफी राष्ट्रीय फुटबॉल चौंपियनशिप' जीती है।

2. प्रतिवर्ष 4 मार्च को 'विश्व मोटापा दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**25.** भारत की G20 की अध्यक्षता में एल-20 (लेबर-20) की पहली बैठक कहाँ आयोजित कि गयी थी?

(a) चंडीगढ़ (b) भोपाल

(c) मुम्बई (d) अमृतसर

## ANSWER KEY

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **01. (A)** | **02. (B)** | **03. (C)** | **04. (D)** | **05. (B)** |
| **06. (B)** | **07. (D)** | **08. (A)** | **09. (C)** | **10. (C)** |
| **11. (A)** | **12. (A)** | **13. (C)** | **14. (C)** | **15. (B)** |
| **16. (D)** | **17. (A)** | **18. (D)** | **19. (B)** | **20. (C)** |
| **21. (D)** | **22. (A)** | **23. (C)** | **24. (B)** | **25. (D)** |

●●●

KHAN GLOBAL STUDIES
Kisan Cold Storage Campus, Musallahpur, Patna-6
KHAN SIR

KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

# BPSC - Mentorship
## Current Affairs Capsule-33

## 1 मार्च

### *अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा (IP) सूचकांक - 2023*

- 'यूएस चौंबर ऑफ कॉमर्स' द्वारा जारी नवीनतम 'अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा (IP) सूचकांक में भारत को 55 देशों में से 42वें स्थान पर रखा गया है।
- इस सूचकांक में संयुक्त राज्य अमेरिका पहले स्थान पर है, उसके बाद यूके और फ्रांस हैं।
- इस सूचकांक का उद्देश्य राष्ट्रों को अधिक नवाचार, रचनात्मकता और प्रतिस्पर्धात्मकता द्वारा चिह्नित एक उज्जवल आर्थिक भविष्य की ओर ले जाने में मदद करना है।
- यह सूचकांक विश्व की 55 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में आईपी अधिकारों की सुरक्षा का मूल्यांकन करता है, जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 90% का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### *'यूरोपीय यूनियन प्लस' के देश*

- शरणार्थियों के लिए 'यूरोपीय यूनियन एजेंसी' ने कहा है कि वर्ष 2022 में लगभग 34 हजार बांग्लादेशी लोगों ने शरण लेने के लिए यूरोपीय यूनियन प्लस के देशों में आवेदन किया था।
- यूरोपीय यूनियन प्लस देशों में यूरोपीय संघ के सभी देश और आइसलैण्ड, लिकटेंस्टीन (Liechtenstein), नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं।

## 2 मार्च

### *8वाँ 'रायसीना संवाद'*

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में '8वें रायसीना डायलॉग' का उद्घाटन किया।
- इटली की प्रधानमंत्री 'जियोर्जिया मेलोनी' इसकी मुख्य अतिथि हैं।
- यह संवाद भू-राजनीति एवं भू-अर्थशास्त्र पर भारत का प्रमुख सम्मेलन है, जो वैश्विक समुदाय के समक्ष सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने के लिए प्रतिबद्ध है।
- यह नई दिल्ली में वर्ष 2016 से प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।
- यह 'ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन' (ORF) द्वारा भारत सरकार के 'विदेश मंत्रालय' की साझेदारी में आयोजित किया जाता है।
- वर्ष 1990 में स्थापित 'ORF' एक स्वतंत्र, गैर-पक्षपाती थिंक टैंक है जो भारत के लिए सुशासन, विदेश नीति एवं सतत आर्थिक विकास पर नीति अनुसंधान करता है।

### *पृथ्वी की 5वीं नई परत 'अंतरतम आंतरिक क्रोड'*

- एक नए अध्ययन में वैज्ञानिकों ने लगभग 650 किमी. (आंतरिक क्रोड त्रिज्या (संपूर्ण)-1,221 किमी.] की त्रिज्या के साथ एक 5वीं नई परत अंतरतम आंतरिक क्रोड (Innermost Inner Core) के अस्तित्त्व की पुष्टि की (इन चार परतों-क्रस्ट, मेंटल, बाह्य तरल क्रोड और आंतरिक ठोस क्रोड के अलावा) है।
- यह 5वीं परत आंतरिक क्रोड (लोहा और निकल) के समान सामग्री से बनी है एवं दोनों के बीच मुख्य अंतर यह है कि इसके परमाणुओं की व्यवस्था अलग तरह होने से ठोस संरचना का निर्माण हुआ है।
- यह परत आंतरिक क्रोड के बाकी हिस्सों की तुलना में एक अलग दिशा में निर्मित और विकसित हो सकती है।
- पृथ्वी के आंतरिक भाग का अध्ययन करने हेतु वैज्ञानिक भूकंपीय तरंगों पर निर्भर हैं।

## 3 मार्च

### *भारत-यूके युवा पेशेवर योजना*

- यूके सरकार ने हाल ही में 'युवा पेशेवर योजना' शुरू की है। इस योजना के तहत 18 साल से 30 साल की उम्र के भारतीय नागरिक दो साल तक ब्रिटेन में रह सकते हैं और काम कर सकते हैं। इस योजना के माध्यम से प्रवेश करने वाले व्यक्ति कंपनी की स्थापना कर सकते हैं। हालांकि, कंपनी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण 5,000 पाउंड से अधिक नहीं होने चाहिए।
- यह योजना कहती है कि भारतीय 'ब्रिटेन' में रह सकते हैं और काम कर सकते हैं।
- यूके एक ऐसा देश है जिसमें इंग्लैंड, वेल्स, स्कॉटलैंड और उत्तरी आयरलैंड शामिल हैं। ब्रिटेन या ग्रेट ब्रिटेन का अर्थ है इंग्लैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स। इसमें उत्तरी आयरलैंड शामिल नहीं है।

### *'प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना' को समर्पित रेलगाड़ी*

- केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली से 'प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना' को समर्पित एक रेलगाड़ी को रवाना किया।
- 'छत्तीगढ़ सम्पर्क क्रान्ति एक्सप्रेस' को जन औषधि योजना की प्रचार सामग्री से पूरी तरह सुसज्जित किया गया।
- 'स्वास्थ्य और रेल मंत्रालय' के अनुसार चार राज्यों के 184 स्टेशनों से होकर यह रेलगाड़ी गुजरेगी।

- जन औषधि योजना के बारे में आम जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए पुणे से दानापुर के लिए इसी तरह की ट्रेन को 2 महीने के लिए 4 राज्यों को कवर करते हुए हरी झंडी दिखाई गई है।

***थॉमस सांकरा***

- 23 फरवरी को, थॉमस सांकरा के अवशेषों को पश्चिम अफ्रीकी देश की राजधानी औगाडौगी में फिर से दफना दिया गया। यह दफन 1987 में उनकी हत्या के स्थान पर किया गया था।
- उन्होंने 1983 और 1987 के बीच बुर्किना फासो के राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया। वे अपने तख्तापलट के माध्यम से राष्ट्रपति बने। वे मार्क्सवादी-लेनिनवादी क्रांतिकारी थे।

***विश्व वन्यजीव दिवस***

- प्रतिवर्ष 3 मार्च को विश्व वन्यजीव और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और मनाने के लिए 'विश्व वन्यजीव दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है।
- 20 दिसंबर 2013 को, 'संयुक्त राष्ट्र महासभा' ने अपने 68वें सत्र में 3 मार्च को 'विश्व वन्यजीव दिवस' के रूप में नामित किया था।
- इस दिन 1973 में, 'वन्य जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन' (CITES) को अपनाया गया था।

## 4 मार्च

***कैच द रेन अभियान-2023***

- भारत के राष्ट्रपति ने मानसून के मौसम में जल के संरक्षण को एक जन अभियान में बदलने के प्रयासों के हिस्से के रूप में 'कैच द रेन-2023' लॉन्च किया।
- इस अभियान हेतु थीम 'पेयजल के लिये स्रोत स्थिरता' है।
- इस अभियान की टैग लाइन है।-कैच द रेन, वेयर इट फाल्स, व्हेन इट फाल्स (Catch the rain, where it falls, when it falls)
- यह एक जन आंदोलन अभियान है जो सभी हितधारकों को वर्षा जल संचयन संरचनाओं को बनाए रखने के लिये प्रोत्साहित करता है।
- यह अभियान राष्ट्रीय जल मिशन (NWM), जल शक्ति मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किया जाता है।

## 5 मार्च

***द वेल्थ रिपोर्ट 2023***

- संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक ने वर्चुअल रूप से 'द वेल्थ रिपोर्ट 2023' जारी की जिसमें मुंबई 37वें स्थान पर है।
- बेंगलुरु में, प्रमुख संपत्ति की कीमतें 3 प्रतिशत बढ़ीं, जिससे शहर को 2021 में 91 वें स्थान से 2022 में 63वें स्थान पर पहुंचने में मदद मिली।
- दिल्ली के प्रमुख संपत्ति बाजार में 1.2 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो 2021 में 93वें स्थान से 77वें स्थान पर पहुंच गई।
- रिपोर्ट के अनुसार प्रमुख आवासीय बाजारों में 'दुबई' में लक्जरी मकानों का मूल्य संचकांक 2022 में 44.2 प्रतिशत बढ़ा, और यह शीर्ष पर रहा।

## बिहार स्पेशल

***गंगा जल आपूर्ति योजना और गयाजी डैम को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार***

- 3 मार्च, 2023 को सेंट्रल बोर्ड ऑफ इरिगेशन एंड पावर (सीबीआईपी) द्वारा दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में बिहार की महत्त्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल गंगा जल आपूर्ति योजना और फल्गू नदी पर बने गयाजी डैम को केंद्रीय मंत्री आरके सिंह द्वारा दिया राष्ट्रीय पुरस्कार 'सीबीआईपी अवार्ड 2022 प्रदान किया गया।

***प्रमुख बिंदु***

- बिहार सरकार के जल संसाधन विभाग की उक्त दो योजनाओं के लिये पुरस्कार विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल और अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन ईश्वर चंद्र ठाकुर ने ग्रहण किया।
- गया जिले में विश्व प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर के निकट देश के सबसे बड़े रबर डैम के निर्माण से फल्गु नदी में आठ से दस फीट जल उपलब्ध है।

***अररिया में बनेगा बिहार का दूसरा चिड़ियाघर***

- बिहार के अररिया जिले के रानीगंज प्रखंड में राज्य के दूसरे चिड़ियाघर को बनाने का मास्टर प्लान केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सेंट्रल जू आथॉरिटी) को भेजा जाएगा। इसके लिये पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तैयारी कर रहा हैं।

***प्रमुख बिंदु***

- ज्ञातव्य है कि राज्य के दूसरे चिड़ियाघर को बनाने के मास्टर प्लान को अगस्त 2020 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्टेट वाइल्ड लाइफ की बैठक के दौरान अपनी मंजूरी दी थी।
- जानकारी के अनुसार अररिया जिले के रानीगंज में प्रस्तावित चिड़ियाघर का इलाका **करीब 289 एकड़** में फैला हुआ है। यह स्थान नेपाल और पश्चिम बंगाल के नजदीक है। ऐसे में वहाँ विभिन्न प्रकार के पक्षी आते रहते हैं।
- प्रस्तावित चिड़ियाघर के इलाके में तालाबों की बहुतायत होने से हर साल के अक्टूबर और मार्च महीने में प्रवासी पक्षी देखे जाते हैं।
- इस स्थान की आबोहवा शेर, बाघ, तेंदुआ, गैंडा, जिराफ, हिरण सहित अन्य जानवरों के लिये अनुकूल रहने की संभावना है। इस कारण विभाग ने इसे चिड़ियाघर के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है।